भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर, पुस्तकालय

Indian Institute of Management Amritsar
LIBRARY

<u>दैनिक जागरण</u> 06/02/2024

<u>IIM Amritsar media coverage on Dainik Jagaran</u> 06/02/2024

जागरण सिटी अमृतसर अमृतसर, 6 फरवरी, 2024 दैनिक जागरण 3

स्टार्टअप तीसरी बड़ी क्रांति : संघराजका

जासं, अमृतसर: आइआइएम अमृतसर द्वारा वार्षिक उद्यमी सम्मेलन ई-समिट का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य उद्यमी माहौल को बनाना है, जिससे लोग प्रोत्साहित और प्रेरित होकर उद्यमिता में कदम रखें और अपनी क्षमताओं को उजागर करें।

सम्मेलन में संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डा. चेतन चित्रे ने उद्यमी की अवधारणा पर बात करते हुए आत्म निर्देशन के महत्व के बारे बताया कि यह सफल स्टार्टअप की नींव रखने में महत्वपूर्ण है। हंड्रेडएक्सवीसी के संस्थापक, सीईओ, उद्योग विशेषज्ञ और निवेशक यग्नेश संघराजका ने स्टार्टअप विश्व की तीसरी क्रांति है, जिसे लेकर फंडिंग का उत्साह बना हुआ है। इसमें नवाचार से जुड़े लोग भविष्य में कुछ नया करने की चाह के साथ जुट रहे हैं। इसमें उद्यमियों ने स्टार्टअप आइडिया पेश किए, जिनसे उन्होंने निवेश के अवसरों के लिए बारे और प्रतिस्पर्धा की बात कही। 'जेनेसिस' सत्र में सोशल एंटरप्रेन्योरशिप, फिनटेक और एडटेक के बारे में गहराई में बात हुई। सत्र की माडरेटर अनक्यूब कंपनी की संस्थापक डा. शालिनी लाल ने इसकी महत्व के बारे में बताया। दवा, दोस्त एंड मेडविकी के संस्थापक व सीईओ अमित चौधरी और जैपफ्रेश के संस्थापक व सीईओ दीपांशु मनचंदा ने भी अपनी विचार रखें।

आइआइएम अमृतसर की ओर से आयोजित ई समिट के दौरान विचार रखते हुए अमित चौधरी, दीपांशु मनचंदा व डा. शालिनी लाल • जागरण

भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर
पुस्तकालय
LIBRARY
Indian Institute of Management Amritsar